श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 130, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार, 16 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## सीएम योगी का आदेश, कुख्यात विकास दुबे की काली कमाई की जांच करेगा ईडी

**कानपुर के बहुचर्चित बिकरू कांड के मुख्य आरोपी विकास दुबे और उसके गिरोह की काली कमाई से जुटाई गईं 147 करोड़ की संपत्तियों पर जल्द ईडी का शिकंजा कसेगा।**



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** कानपुर के बहुचर्चित बिकरू कांड के मुख्य आरोपी विकास दुबे और उसके गिरोह की काली कमाई से जुटाई गईं 147 करोड़ की संपत्तियों पर जल्द ईडी का शिकंजा कसेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपर मुख्य सचिव संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में गठित एसआइटी की सिफारिश पर इन संपत्तियों की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से विस्तृत जांच कराने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास दुबे व उसके फाइनेंसरों की 147 करोड़ रुपये की संपत्तियों तथा विकास दुबे से जुड़े लोगों की आय के विभिन्न स्त्रोतों की जांच ईडी से कराने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि एसआइटी ने गैंगेस्टर विकास दुबे की अवैध ढंग से हासिल की गईं संपत्तियों के पुख्ता साक्ष्य जुटाए हैं। एसआइटी ने नवंबर माह में अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपी थी, जिसमें यह भी कहा गया था कि विकास दुबे व उसके फाइनेंसरों समेत गिरोह से जुड़े सभी सदस्यों के आय के स्त्रोतों की भी विस्तार से जांच कराई जानी चाहिए।

सूत्रों का कहना है कि एसआइटी ने जिन संपत्तियों के साक्ष्य जुटाए हैं, उनमें कई व्यवसायिक व आवासीय भूखंड भी हैं। शासन जल्द एसआइटी द्वारा जुटाए गए साक्ष्यों व संपत्तियों का ब्योरा ईडी को सौंपेगा। हालांकि ईडी बिकरू कांड में पहले से ही प्रिवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच कर रही है। ईडी ने बीते सितंबर माह में बिकरू कांड के मुख्य आरोपित विकास दुबे के खजांची जय वाजपेयी समेत करीब 36 आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज किया था। ईडी इस मामले में विकास दुबे की पत्नी से लंबी पूछताछ भी कर चुकी है। ईडी अधिकारियों का कहना है कि एसआइटी के जुटाए गए तथ्यों व साक्ष्यों को जांच का हिस्सा बनाकर सिलसिलेवार छानबीन की जाएगी। सूत्रों का कहना है कि विकास दुबे ने अपने खजांची जय वाजपेयी के अलावा कुछ अन्य व्यापारियों के जरिये भी करोड़ों रुपये का निवेश किया था।

## सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों की पढ़ाई के लिए 2,000 रुपये प्रतिमाह देने का दिया आदेश

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि कोरोना महामारी के चलते बाल संरक्षण गृहों में रह रहे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने राज्यों को बच्चों की पढ़ाई के लिए किताबें, स्टेशनरी और सभी जरूरी संसाधन मुहैया कराने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि कोरोना के कारण जो बच्चे बाल संरक्षण गृहों से वापस परिवार के पास भेजे गए हैं और अगर उन परिवारों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है तो राज्य सरकार जिला बाल संरक्षण समिति की संस्तुति पर उन परिवारों को बच्चे की पढ़ाई के लिए 2,000 रुपये प्रतिमाह देगी। यह रकम सिर्फ बच्चे की पढ़ाई पर खर्च की जाएगी।



ये आदेश जस्टिस एल. नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली पीठ ने बाल संरक्षण गृहों में रह रहे बच्चों के कल्याण के मुद्दे पर सुनवाई के दौरान दिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्य 22 से 24 बच्चों पर एक शिक्षक की नियुक्ति करें। छूटी पढ़ाई पूरी कराने के लिए एक्स्ट्रा क्लासेज भी कराई जाएं। इससे पहले मामले में न्याय मित्र (एमाइकस क्यूरी) ने कोर्ट को बताया कि जब कोरोना शुरू हुआ था उस समय 2,27,518 बच्चे बाल संरक्षण गृहों में रह रहे थे। इसमें से 1,45,788 बच्चे परिवारों या संरक्षकों के पास वापस भेज दिए गए। कोर्ट ने बाल संरक्षण गृहों और वहां से वापस परिवार के पास भेजे गए बच्चों की पढ़ाई की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कहा कि जिला बाल संरक्षण समिति इस मामले की निगरानी करेगी। साथ ही जिला बाल संरक्षण इकाई बच्चों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जिला लीगल सर्विस अथारिटी को सूचित करेगी। इससे पहले एमाइकस क्यूरी गौरव अग्रवाल ने कोर्ट से कहा कि बाल संरक्षण गृहों में रह रहे बच्चों की समुचित पढ़ाई जारी रहने के बारे में कोर्ट को आदेश देना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिए। कोर्ट ने इस बारे में एमाइकस क्यूरी की ओर से दिए गए सुझावों को स्वीकार करते हुए ही राज्यों को निर्देश दिए।

## म0प्र0: तेरह दिन में दूसरा झटका, 50 रुपये बढ़ा रसोई गैस सिलिंडर का दाम

**भोपाल, जेएएनएन।** दिसंबर माह में दूसरी बार बिना सब्सिडी वाले घरेलू गैस सिलिंडर (रसोई गैस) की कीमतों में मंगलवार को 50 रुपये की वृद्धि कर दी गई। यह वृद्धि केंद्र सरकार और पेट्रोलियम कंपनियों ने की। इसके बाद भोपाल में 14.2 किलोग्राम वाला बिना सब्सिडी वाला एलपीजी गैस सिलिंडर, अब घरेलू उपभोक्ताओं को 700 रुपये में मिलेगा। इससे पहले दो दिसंबर को भी पेट्रोलियम कंपनियों ने घरेलू गैस सिलिंडरों के दाम में 50 रुपये वृद्धि की थी।




बीते 15 दिनों में घरेलू गैस सिलिंडर के दाम में 100 रुपये वृद्धि हो गई है। इधर, 19 किलोग्राम वाले व्यावसायिक गैस सिलिंडर के दाम में दूसरी बार 36 रुपये वृद्धि हुई है। अब भोपाल में व्यावसायिक गैस सिलिंडर के दाम 1301.50 रुपये से बढ़कर 1337.50 रुपये हो गया है। इससे पहले दो दिसंबर को व्यावसायिक सिलिंडर के दाम में 54.50 रुपये की वृद्धि की गई थी। बीते 15 दिनों में व्यावसायिक सिलिंडर 90.50 रुपये महंगा हुआ है। भोपाल जिले के घरेलू गैस उपभोक्ताओं को अप्रैल माह तक गैस सब्सिडी मिली, लेकिन मई माह में सब्सिडाइज्ड और नॉन सब्सिडाइज्ड गैस सिलिंडर की कीमतें बराकर कर देने के बाद गैस सब्सिडी बंद हुई है। वह अभी भी बरकरार है। वर्तमान में गैस सिलिंडर 100 रुपये महंगा हो चुका है, लेकिन सब्सिडी उपभोक्ताओं के खाते में कब आएगी। यह न तो गैस एजेंसी संचालक को मालूम है ओर न ही पेट्रोलियम कार्पोरेशन के अधिकारियों को।

## यूपी सरकार का निर्देश : सभी शिक्षा बोर्डों के 9 से 12वीं तक के छात्र-छात्राएं आएं स्कूल

**यूपी बोर्ड के मान्यता प्राप्त कॉलेज पहले से खुले हैं और स्वेच्छा से आने वाले छात्र-छात्राओं की पढ़ाई भी हो रही है लेकिन अब यूपी बोर्ड सहित सभी शिक्षा बोर्डों के 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं की नियमित स्कूलों में पढ़ाई कराने का आदेश दिया गया है।**

**प्रयागराज [राज्य ब्यूरो]।** उत्तर प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा परिषद यानी यूपी बोर्ड के मान्यता प्राप्त कॉलेज पहले से खुले हैं और स्वेच्छा से आने वाले छात्र-छात्राओं की पढ़ाई भी हो रही है लेकिन, अब यूपी बोर्ड सहित सभी शिक्षा बोर्डों के 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं की नियमित स्कूलों में पढ़ाई कराने का आदेश दिया गया है। यह भी निर्देश है कि स्कूल आने वाले छात्र और छात्राओं की स्वास्थ्य विभाग अभिभावकों की सहमति पर कोविड की जांच भी करेगा।

उत्तर प्रदेश में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए स्कूल और कॉलेजों को लंबे समय तक बंद थे। यूपी सरकार के निर्देश पर कुछ माह पहले ही 9वीं से 12वीं तक के स्कूल खोले गए। स्कूलों में अभिभावकों की सहमति से ही छात्र-छात्राओं को भेजे जाने के निर्देश थे। इस बीच लखनऊ में कुछ विद्यार्थियों के संक्रमित होने पर प्रदेश भर से इस संबंध में सूचना मांगी गई कि अन्य जिलों में छात्र बीमार तो नहीं हैं। जिला विद्यालय निरीक्षकों (डीआइओएस) ने इस संबंध में स्पष्ट रिपोर्ट नहीं भेजी बल्कि उनकी ओर से कहा गया कि जब बच्चों की जांच होगी तब संक्रमण का पता चल सकेगा।



यूपी बोर्ड सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को भेजे निर्देश में कहा है कि चिकित्सा एवं परिवार कल्याण के अपर मुख्य सचिव ने 19 अक्टूबर को पत्र जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि सभी शिक्षा बोर्डों के स्कूलों में पठन-पाठन के लिए भौतिक रूप से आने वाले छात्र-छात्राओं की कोविड जांच स्वास्थ्य विभाग की ओर से कराई जाएगी। इसके लिए छात्र-छात्राओं को निर्धारित प्रारूप पर अभिभावक से सहमति लेनी होगी। सचिव ने कहा कि अब भी छात्र-छात्राओं को अभिभावकों की सहमति पर ही स्कूल आना है। डीआइओएस को छात्र-छात्राओं की जांच की रिपोर्ट ईमेल व अन्य माध्यम से भेजना अनिवार्य है।

बता दें कि 19 अक्टूबर से माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थियों की पढ़ाई शुरू हो चुकी है। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में स्नातक स्तर की पढ़ाई भी शुरू हो गई है। वहीं परिषदीय स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक की पढ़ाई होती है। इनमें कम उम्र के अबोध बच्चे आते हैं जो कोरोना संक्रमण को लेकर अपेक्षाकृत कम जागरूक हैं। छोटे बच्चे शारीरिक दूरी के पालन को लेकर भी सतर्क नहीं होते। उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम होती है। इसलिए अभी इन स्कूलों को खोलने से पहले बेसिक शिक्षा विभाग फूंक-फूंक कदम बढ़ा रहा है। विभाग अभी कक्षा एक से आठ तक के स्कूलों को संचालित करने के लिए अपनायी जाने वाली कक्षावार गाइडलाइन तैयार कर रहा है।

## विरोध प्रदर्शन के दौरान लगभग रोजाना मर रहे हैं किसान 20 दिसंबर को उन्हें श्रद्धांजलि देने की तैयारी में संगठन

**आंदोलन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले किसानों को लेकर पंजाब और हरियाणा के किसान 20 दिसंबर को गांव और कस्बों के रास्तों को जाम करके उनको श्रद्धांजलि देंगे। किसान नेता इंद्रजीत दल्लेवाल ने मीडिया को यह जानकारी दी है।**

**नई दिल्ली, पीटीआइ।** दिल्ली-एनसीआर में जब से किसानों का आंदोलन शुरू हुआ है, तब से रोजाना किसी न किसी किसान की मौत हो रही है। आंदोलन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले किसानों को लेकर पंजाब और हरियाणा के किसान 20 दिसंबर को गांव और कस्बों के रास्तों को जाम करके उनको श्रद्धांजलि देंगे। किसान नेता इंद्रजीत दल्लेवाल ने मीडिया को यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि जब से यह आंदोलन शुरू हुआ है, तब से अब तक 20 किसान शहीद हो चुके हैं। विरोध प्रदर्शन से हर दिन औसतन एक किसान की मौत हो रही है। किसान नेता इंद्रजीत ने बताया कि सरकार कह रही है कि वे इन कानूनों को रद नहीं करेंगे और हम कह रहे हैं कि सरकार से हम ऐसा कराके ही मानेंगे।



वहीं, इसके पहले भी कृषि कानूनों के विरोध में प्रदर्शन के दौरान ठंड के कारण मरे किसानों को राष्ट्रीय लोकदल ने शनिवार की रात श्रद्धांजलि दी थी। जिला इकाई ने कैंप कार्यालय क्षेत्र व महिला प्रकोष्ठ ने कस्बा बिलराम में कैंडिल मार्च निकाला था। दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई थी। पीड़ित परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा व एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की गई थी।

बता दें कि दिल्ली-हरियाणा के बॉर्डर पर हजारों किसान आंदोलन कर रहे हैं। कड़ाके की सर्दी होने के चलते कई किसानों की मौत हो चुकी है। किसान फिर भी सरकार से कृषि कानून को रद किए जाने की मांग पर अड़े हुए हैं। किसान संगठनों और सरकार के बीच कई दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन कोई बीच का रास्ता नहीं निकल रहा है।

## देश में बीते 24 घंटों में आए 22 हजार मामले, 99 लाख पहुंचा कोरोना का आंकड़ा

**नई दिल्ली, एएनआइ।** देश में कोरोना के नए मामलों में अब गिरावट देखी जा रही है। बीते 24 घंटों में देश में कोरोना के 22 हजार नए मामले सामने आए हैं। इससे भारत में कोरोना का आंकड़ा 99 लाख के पार पहुंच गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में बीते 24 घंटों में कोरोना के 22,065 मामले सामने आए। इस दौरान देश भर में कोरोना से 354 लोगों की मौत हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना के अब तक कुल 99 लाख 6 हजार 165 मामले सामने आ चुके हैं। इसमें कोरोना से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या 94 लाख 22 हजार 636 हो गई है। भारत में कोरोना के फिलहाल 1 लाख 43 हजार 709 सक्रिय मामले बचे हैं। देश में कोरोना से मौतों की संख्या 1 लाख 43 हजार 709 हो गई है। देश में कोरोना की रिकवरी दर 95 फीसद के पार पहुंच गई है। बीते 24 घंटों में देश में कोरोना से 34,477 लोग ठीक हुए हैं। इससे रिकवरी दर 95.12% हो गई है।

## चिदंबरम ने कहा- कृषि कानूनों को रद किया जाए और समझौते के मुताबिक नया कानून बने

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने मंगलवार को कहा कि कृषि कानूनों को निरस्त कर किसानों के साथ बनी सहमति के आधार पर नया कानून बनाया जाना चाहिए। पूर्व वित्त मंत्री ने ट्वीट किया, सरकार को आसमान से नीचे उतरना चाहिए और किसानों के साथ शीघ्रता से समझौता करना चाहिए।




यह स्पष्ट है कि किसानों और सरकार के बीच किसी भी समझौते के लिए संसद में एक नए विधेयक को पारित करने की आवश्यकता होगी। यह चौंकाने वाला है कि दिल्ली की कड़कड़ाती सर्दी में किसानों के 20 दिनों के विरोध के बाद भी सरकार कानूनों को रद नहीं करने के रुख पर कायम है।

उन्होंने कहा, सबसे आसान तरीका यह है कि वर्तमान कानूनों को निरस्त किया जाए और समझौते के आधार पर एक नया कानून फिर से बने। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली के निकट कई स्थानों पर किसान संगठन पिछले करीब तीन सप्ताह से प्रदर्शन कर रहे हैं।

## गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि होंगे ब्रिटेन के पीएम बोरिस जॉनसन, स्वीकार किया निमंत्रण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गणतंत्र दिवस 2021 को मुख्य अतिथि के तौर पर भारत के निमंत्रण को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने स्वीकार कर लिया। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डॉमिनिक राब ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस ऐलान के बाद राब ने यह भी कहा कि ब्रिटेन भारत के साथ अपने आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने की चाहत रखता है। दरअसल, आज विदेश मंत्री एस जयशंकर और डॉमिनिक राब के बीच एक मीटिंग हुई। मीटिंग के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, 'आतंक और कट्टरवाद की चुनौतियों के मुद्दे पर हमने चर्चा की, जो दोनों देशों के लिए अहम है। हमने अफगानिस्तान, खाड़ी व हिंद प्रशांत क्षेत्र के हालातों पर भी चर्चा की।'

विदेश सचिव डॉमिनिक राब ने कहा, 'मुझे इस बात की खुशी है कि प्रधानमंत्री



बोरिस जॉनसन ने अगले साल होने वाले G7 समिट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निमंत्रण दिया है। पीएम जॉनसन ने भी भारत की ओर से गणतंत्र दिवस में मुख्य अतिथि का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।' विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, 'यह दोनों देशों के बीच संबंध के नए युग की शुरूआत का प्रतीक होगा।' 14 से 17 दिसंबर तक ब्रिटेन के विदेश मंत्री डोमिनिक राब भारत में हैं। उनसे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मुलाकात की। इस मुलाकात में दोनों के बीच व्यापार, रक्षा, शिक्षा, पर्यावरण और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने को लेकर वार्ता हुई। बता दें कि विदेश मंत्रियों की मुलाकात के बाद शिष्टमंडल स्तर की भी वार्ता हुई। राब ऐसे समय में भारत यात्रा पर यहां आएं हैं, जब ब्रिटेन ब्रेक्जिट के बाद व्यापार समझौता करने के लिए यूरोपीय संघ के साथ जटिल वार्ता कर रहा है। विदेश मंत्री जयशंकर ने बैठक के बाद बताया, 'हमने अफगानिस्तान के हालात और खाड़ी देशों एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की।' जयशंकर ने कहा, 'आतंकवाद और कट्टरवाद के कारण पैदा हुई चुनौतियों पर चर्चा की गई, जो साझा चिंताएं हैं।' उन्होंने कहा कि कोविड-19 के बाद आर्थिक सुधार की गति तेज करने के लिए भारत-ब्रिटेन के बीच गठजोड़ महत्वपूर्ण है। वहीं, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डोमिनिक राब ने कहा, 'हम भारत के साथ आर्थिक संबंध मजबूत करना चाहते है।'

## भारतीय किसान यूनियन ने तीनों कृषि कानूनों का किया समर्थन, केंद्रीय मंत्री बोले, कुछ किसान फैला रहे भ्रम

**नई दिल्ली, एएनआइ।** भारतीय किसान यूनियन के सदस्यों ने कृषि भवन में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से मुलाकात की। इस दौरान संगठन से जुड़े सदस्यों ने कृषि मंत्री से नए कानून और आंदोलन को लेकर बातचीत की। मुलाकात के बाद केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि आज जो किसान मुझसे मिले उन्होंने तीनों कृषि कानूनों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि वे बिल और सरकार के साथ हैं। चूंकि कुछ किसान गलत धारणा फैला रहे हैं इसलिए उन्हें भी गुमराह किया गया। जब मैंने उनसे बात की तो उन्होंने बिलों का स्पष्ट समर्थन किया।

वहीं, सोमवार को भी केंद्रीय मंत्री ने अखिल भारतीय किसान समन्वय समिति से जुड़े विभिन्न राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, केरल, तमिलनाडु,




तेलंगाना, बिहार और हरियाणा के किसानों से मुलाकात की थी। 10 किसान संगठन से जुड़े नेताओं ने सरकार के तीनों नए कृषि कानून का समर्थन किया था।

10 किसान संगठनों की समिति ने तोमर को एक ज्ञापन सौंपा था जिसमें कहा गया था कि देश के कुछ हिस्सों में किसानों के आंदोलन में कुछ तत्व और जिसमें विशेष रूप से कानूनों के बारे में किसानों के बीच गलतफहमी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। ज्ञापन में सरकार से देश के कुछ हिस्सों में किसानों के आंदोलन के दबाव में तीन कानूनों को वापस नहीं लेने का आग्रह किया गया था।

बता दें कि कुछ दिन पहले ही भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने बताया था कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आश्वासन के बाद उन्होंने चिल्ला बॉर्डर पर चल रहे धरने को समाप्त करने का फैसला किया है।

गौरतलब है कि आंदोलनकारी किसान संगठनों के नेताओं ने सोमवार यानी 14 दिसंबर को एक दिन की भूख हड़ताल की थी और सभी जिला मुख्यालयों में नए कृषि कानूनों को निरस्त करने की अपनी मांग को को लेकर विरोध प्रदर्शन किए थे।

## संक्षेप समाचार

### आरओ-एआरओ मुख्य परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से समीक्षा अधिकारी-सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ-एआरओ), (सामान्य-विशेष) चयन परीक्षा-2016 की मुख्य परीक्षा 22 एवं 23 दिसंबर को तीन शहरों में आयोजित की जाएगी। इसके लिए सोमवार को आयोग की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक अरविंद कुमार मिश्र ने कहा कि संबंधित छात्र मुख्य परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। ज्ञात हो कि मुख्य परीक्षा प्रयागराज, लखनऊ एवं गाजियाबाद में होगी। प्री-परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों से इन्हीं तीन जनपदों में से किसी एक का विकल्प मांगा गया था। 22 दिसम्बर के पहली पाली (सुबह 9.30 से 11.बजे) में सामान्य अध्ययन एवं द्वितीय पाली (दोपहर 2 से 5 बजे) में खण्ड 1 सामान्य हिन्दी एवं आलेखन व खण्ड-2 में सामान्य शब्द ज्ञान एवं व्याकरण का प्रश्न पत्र होगा। 23 दिसम्बर को पहली पाली (सुबह 9.30 से 12.30 बजे) में हिन्दी निबंध का प्रश्न पत्र अभ्यर्थियों को हल करना होगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस में लगी फरियादियों की भीड़

## फरियादियों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सीओ रामसागर ने स्वयं संभाली कमान

**फूलपुर।** फूलपुर तहसील में मंगलवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस मे फरियादियों की मानो बाढ़ सी आ गई हो। पूर्व में की गई शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने के कारण हर बार फरियादियों की भीड़ बढ़ती जाती है। समाधान दिवस में सबसे ज्यादा मामले जमीनी विवाद से सम्बन्धित रहते हैं। जिसका समाधान करने करने के दौरान राजस्व सहित पुलिस महकमा को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। मंगलवार को फूलपुर तहसील में 199 फरियादियों का प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। फरियादियों की संख्या अधिक होने के कारण उप जिलाधिकारी युवराज सिंह की उपस्थिति में भीड़ को तितर-बितर करने के लिए क्षेत्राधिकारी राम सागर को कुर्सी छोड़कर खुद कमान संभालना पड़ा। संपूर्ण समाधान दिवस में आपूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, एडीओ समाज कल्याण प्रकाश पटेल, एडीओ पंचायत गुलाब चंद पांडेय, एस ओ बहरिया, सरायनाइत, फूलपुर के अलावा मत्स्य विभाग, शिक्षा, जल निगम, सिंचाई आदि विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



फूलपुर तहसील में लगी फरियादियों की भीड़

## विद्युत पोल गाड़ कर कनेक्शन देने के आरोप में दो संविदा कर्मियों पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक विद्युत संविदा कर्मी पर बिना सरकारी स्टीमेट के चार पोल गाड़ कर कनेक्शन देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है एक पर कटियामारी करके बिजली चोरी करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा विधुत उप केन्द्र पर तैनात एक संविदा कर्मी पर ग्राम बटहा मार्ग पर एक फैक्ट्री को बिना सरकारी स्टीमेट तैयार किए चार पोल गाड़ कर पांच सौ किलो वाट का कनेक्शन देने के आरोप में अवर अभियंता मऊआइमा राज केशर सिंह ने संविदा कर्मी लाल चन्द्र पुत्र श्रीराम ग्राम पिलखुआं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है और मऊआइमा थाना पडाव सुलतानपुर खास अपने आवास में कटियामारी करके चोरी की बिजली प्रयोग करने पर संविदा कर्मी विनोद कुमार पुत्र श्याम लाल के खिलाफ मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

## बड़ौदा यूपी बैंक शाखा शुक्लपुर में किसान क्रेडिट कार्ड धारक बैंक ऋण के लिए परेशान

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना किसान क्रेडिट कार्ड धारक जिससे किसान अपने खेत की जमीन बंधक बनाकर ऋण प्राप्त करता है और सरकार द्वारा भिन्न भिन्न माध्यम से किसानों को साहूकार से मुक्ति एवं बैंकिंग सेवा द्वारा ऋण के लिए प्रेरित करती है। लेकिन यू. पी. बैंक शाखा शुक्लपुर द्वारा किसानो की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता ' ऐसा प्रतीत होता है कि किसानों के उत्थान के लिए सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन ऊपर के अधिकारियों के संज्ञान में होते हुए भी किसानो पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। क्योंकि अधिकारियों के संज्ञान में होने के बावजूद भी किसानों को परेशान किया जा रहा है। इससे प्रतीत होता है कि अधिकारियों की किसानों को परेशान करने में मूल सुकृति प्राप्त है। बैंक की कमियों को किसानों ने बताया कि हम लोग 15 दिन से बैंक का चक्कर काट रहे हैं आजकल के चक्कर में हमारी फसल बर्बाद हो रही है। यह किसानों का कहना है जब किसानों की समस्या को लेकर पत्रकार गिरीश चंद्र शर्मा ने बड़ौदा यू. पी. बैंक शाखा शुक्लपुर के प्रबंधक सागर उपाध्याय से पूछा तो उन्होंने बताया कि हम लोग फाइल बना कर आर.ओ.ऑफिस भेज दिए हैं। वहां से सेंक्शन होकर फाइल आती है। तो मैं तत्काल फोन करके किसानों को बुला लेंगे। ऐसा कहना बड़ौदा यू.पी. बैंक शाखा शुक्लपुर प्रबंधक का है।इस समस्या से लोगो के बीच मे चर्चा का विषय बना है।

## बीडियो जसरा को प्रधानों ने सौंपा ज्ञापन

**जसरा।** विकास खंड जसरा के ग्राम पंचायत प्रधानों ने बैठक करके ग्राम प्रधानों के कार्यकाल समाप्त होने के पहले ग्राम सभा में उनके द्वारा कराए गए कार्यों का भुगतान सुनिश्चित कराए जाने की मांग करते हुए एक ज्ञापन खंड विकास अधिकारी देवेन्द्र कुमार ओझा को सौंपा। जसरा विकास खंड के प्रधान संघ अध्यक्ष प्रवीण यादव की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों की एक बैठक मुख्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें ग्राम प्रधानों ने मांग किया कि आगामी 26 दिसंबर को उनके कार्यकाल की समाप्ति हो जाएगी । कार्य भार सरकार अपने पास लेने के पहले ग्राम सभा में कराए गए कार्यों का भुगतान करें। इसके साथ ही यह भी मांग उठाई गई थी कि जब तक अगली पंचायत का गठन न हो, तब तक कार्यभार अब तक के निर्वाचित ग्राम प्रधानों के दिया जाए। जिससे कि गांव में चल रहे विकास कार्य किसी तरह से प्रभावित ना हो। उक्त मांग से संबंधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी जसरा देवेन्द्र कुमार ओझा के माध्यम से जिला अधिकारी को प्रेषित किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से हनुमान लाल सिंह, विजय प्रकाश कुशवाहा, अजय साहू, सुमंत भार्गव, आलोक कुमार, बहुगुणा, नीरज मिश्रा, विनोद त्रिपाठी, संजीव कुमार, संदीप कुमार, महेंद्र केसरवानी, रमाकांत, विजय यादव, जय कुमार सरोज, विक्रमाजीत, कलावती, श्यामलाल, रामदुलारी, बनवारी लाल, नील धर द्विवेदी आदि प्रधान गण उपस्थित रहे।

## एलटी ग्रेड शिक्षकों के ऑनलाइन पदस्थान के लिए मांगी सूचना

**प्रयागराज।** प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी या एलटी ग्रेड) के हिन्दी और सामाजिक विज्ञान विषय शिक्षकों के ऑनलाइन पदस्थान के लिए सूचना एक सप्ताह में मांगी गई है।

अपर निदेशक राजकीय डॉ. अंजना गोयल ने सोमवार को सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि एक सप्ताह में दोनों विषयों के पुरुष एवं महिला शाखा के रिक्त पदों का सत्यापन उपलब्ध कराएं। त्रुटिपूर्ण रिक्ति पर किसी अभ्यर्थी की तैनाती होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी डीआईओएस की होगी। गौरतलब है कि लोक रोया आयोग हिन्दी एवं सामाजिक विज्ञान के चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेखों का मिलान करा रहा है। चयनित अभ्यर्थियों की संस्तुति निदेशालय को प्राप्त होने के बाद शासन के निदेर्शानुसार जल्द ऑनलाईन प्रणाली के जरिए विकल्प प्राप्तकर पदस्थापन की कार्यवाही की जाएगी।

# देशी शराब की दुकानों पर प्रशासनिक टीम का छापा, मचा रहा हड़कम्प

### दुकानदारों की कसी गई नकेल

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के सहसों स्थित कई देशी शराबों कि दुकानों पर एसडीएम व सीओ फूलपुर तथा सर्किल आबकारी टीम द्वारा क्षेत्र में छापेमारी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रशासनिक टीम ने सभी दुकानदारों की नकेल भी कसी।

छापे मारी टीम में एसडीएम फूलपुर युवराज सिंह व सीओ राम सागर तथा फूलपुर सर्किल इंचार्ज आबकारी निरीक्षक नेहा कुमारी सिंह द्वारा क्षेत्र के कई देसी शराबों की दुकानों पर छापेमारी कर दुकानों में स्टाक किएगए शराबों की जाँच की गई।

बता दें कि गत दिनों 20 नवंबर को फूलपुर कोतवाली अंतर्गत अमिलिया गांव में जहरीली शराब की सेवन से 7 लोगों की मौत के बाद अब पूरी तरह से प्रशासन जाग गया है। और अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह से सख्त हो चुका है । इस दौरान मंगलवार को एसडीएम व सीओ फूलपुर तथा आबकारी निरीक्षक पूरी टीम के साथ सहसों सहित फूलपुर सर्किल के कई देशी शराब की दुकानों पर सघन चेकिंग की गई। इस दौरान कोई अराजकता नहीं पाई गयी। इससे क्षेत्र में जहाँ हड़कम्प मचा रहा वहीं प्रशासनिक अभियान से आम जनता में चर्चा कि विषय था। इसी तरह सोमवार को भी रात 10:00 बजे तक फूलपुर कस्बे में कई संदिग्ध देसी शराब की दुकानों पर चेकिंग की गई। आबकारी सर्किल निरीक्षक नेहा कुमारी सिंह ने बताया कि यह अभियान अभी इसी तरह जारी रहेगा । स्थानीय पुलिस की मदद से फूलपुर सर्किल के हर एक संदिग्ध शराबों की दुकानों पर छापेमारी कर जाँच की जाएगी इस दरम्यान किसी भी दुकानदार के द्वारा नकली शराब म करते पाए जाने पर उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।



देशी शराब की दुकान पर छापेमारी के दौरान प्रशासनिक टीम

## सरदार पटेल युवाओं के प्रेरणास्रोत : ए.पी. सिंह

**करमा।** भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, देश के प्रथम गृह मंत्री, उप प्रधानमंत्री देश की लगभग 563 रियासतों का एकीकरण कर देश कों अखंडता एवम एकता कें सूत्र में पिरोनें वालें लौह पुरुष सरदार पटेल जी देश ही नही अपितु संपूर्ण विश्व में अपने साहसिक फैसलों कें लिए जानें जाते हैं देश कों अंग्रेजी हुकूमत से आजाद कराने एवम किसानों के हितों कें लिए अनेकों लड़ाइयाँ लड़ने कें कारण उन्हें लौह पुरुष कहाँ जाता हैं । सरदार पटेल युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहे है सरदार पटेल जी अनेकों आन्दोलन छात्र हितों में भी किये है लौह पुरुष सरदार पटेल जी जीवन से जुड़ी अनेकों रोचक बातें साझा करतें प्रबंधक श्री सिंह नें यह भी जानकारी दी कि सरदार पटेल आर्थिक तंगी के कारण वह कालेज जानें के बजाय पुस्तकालय में जाते थे सरदार पटेल सदैव अव्वल दर्जे से सफल हुए वह अपने समय में कलेक्टर की परीक्षा भी प्रथम दर्जे एवम सर्वाधिक अंक पाकर पास हुए थे उक्त बातें श्री सेठ राम अभिलाष पटेल इंटर कालेज के प्रबंधक श्री ए.पी. सिंह ने विद्यालय में आयोजित लौह पुरुष सरदार पटेल जी कें 71वें परिनिर्वाण दिवस कें उपलक्ष्य में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहें थे आगे श्री सिंह नें यह भी बोलें कि युवाओं कों सदैव सरदार पटेल जी कें जीवन से प्रेरणा लेतें हुए जीवन में कभी भी संघर्ष के पथ को नही छोड़ना चाहिए इस अवसर पर उन्होने विद्यार्थियों से नकल से दूर रहकर जीवन में आगे बढ़ने का आग्रह भी किये । कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता कें रूप में श्री सिंह ने रसायन शास्त्र कों विभिन्न तरीकों से रुचिकर बनाने कें टिप्स भी प्रदान किये। इस अवसर पर विपिन चन्द्र पटेल, अंकित, प्रतिमा यादव, बृजेश कुशवाहा, एस. आर. सिंह इत्यादि लोग मौजूद रहें ।



सरदार पटेल की पुण्यतिथि मनाते लोग

## दिसंबर -2020 प्रारम्भिक माल लदान में 40% से अधिक का सुधार

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे ने दिसंबर 2020 में लोडिंग में अब तक की सर्वाधिक वृद्धि प्राप्त करते हुए दिसम्बर-2019 के मुकाबले दिसम्बर-2020 में लोडिंग में 44.68% सुधार दर्ज किया है। दिनांक 14.12.2020 तक, चालू वित्त वर्ष में उत्तर मध्य रेलवे ने 10.84 मिलियन टन माल लदान किया है , जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में लोड किए गए फ्रेट की तुलना में 3.1 लाख टन अधिक है। वर्तमान में उत्तर मध्य रेलवे प्रतिदिन लगभग 450 मालगाड़ियों के इन्टरचेंज के साथ साथ तकरीबन 230 यात्री विशेष गाड़ियों का भी संचालन कर रहा है, इसके बावजूद उत्तर मध्य रेलवे अपने नेटवर्क पर ट्रेनों की उत्कृष्ट गतिशीलता बनाए हुए है। अब तक, चालू वित्त वर्ष में मालगाड़ियों की औसत गति 44.76 किलोमीटर / घंटा रही है, जो वित्त वर्ष 2019-20 की समान अवधि की औसत गति की तुलना में 83.5% अधिक है। इसी प्रकार उत्तर मध्य रेलवे ने यात्री ट्रेनों के मोर्चे पर, चालू वित्त वर्ष में मेल / एक्सप्रेस ट्रेनों में 92.35% की समयपालनता प्राप्त की है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के प्रदर्शन के सापेक्ष में 58.6% अधिक है।

## सरदार पटेल ने देश को ताकतवर राष्ट्र बनाया : अशफाक

**फूलपुर।** फूलपुर विकास खण्ड के चक अब्दुल करीम उर्फ पूरे भुलई गांव में मंगलवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान उपस्थित कांग्रेसी कार्यकताओं ने भारत रत्न सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके द्वारा देश के लिए दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि सरदार पटेल लंदन से बैरिस्टर बनने के बाद भारत आए तो गांधी जी के विचारों से प्रभावित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े और तब तक पीछे मुड़कर नहीं देखा जब तक देश को आजादी नहीं दिला दी। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोकर सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट देवराज उपाध्याय ने कहा कि आजादी के बाद 562 रियासतें जो अंग्रेजों ने विरासत में छोड़ी थी उसे सरदार पटेल ने ही आजाद कराया। मौके पर सलीम टाइगर, आशुतोष शुक्ला, शमशेर बहादुर पटेल, तहजीब उल हसन, गिरधारी लाल सरोज, विजय शुक्ला, हलचल तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्प अर्पित करते हुए अशफाक अहमद, देवराज उपाध्याय, सलीम टाइगर व अन्य

## शौर्य दिवस मनाने की तैयारी में जुटे कांग्रेसी

**करछना।** 16 दिसंबर सन 1971 भारतीय सेना के लिए एक गौरवशाली घटना है जिसके कल यानी 16 दिसंबर को 50 वर्ष पूरे हो जाएंगे।

तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी के कुशल नेतृत्व और भारतीय सेना के शौर्य पराक्रम साहस वीरता की वजह से हम दुनिया के नक्शे में एक स्वतंत्र राष्ट्र बांग्लादेश को स्थापित करने में कामयाब हुए थे। भारत के लिए इस गौरवशाली क्षण को समारोह पूर्वक मनाने का कल से बेहतरीन अवसर नहीं हो सकता है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर हम कांग्रेस जन इसका समारोह जिसको हमने शौर्य एवं विजय दिवस के रूप में मनाने का फैसला जिला कांग्रेस कमेटी जीरो रोड में लिया है इसी की तैयारी के सिलसिले में आज करछना में कौंधियारा में लोगों के साथ परिचर्चा करके कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तय की गई कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री अरुण तिवारी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ठाकुर रंगराज सिंह डॉक्टर दिनेश कुमार सोनी सुरेश पटेल नरेंद्र आदिवासी रोहित कुशवाहा पिंटू मिश्रा के अलावा कई लोग उपस्थित रहे और लोगों से अपील की गई कि कल के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी में पहुंचे।



शौर्य दिवस मनाने की तैयारी को लेकर बैठक करते कांग्रेसी

## रह-रहकर झटका दे रहा कोरोना, पॉजिटिव मिली वृद्धा

**शंकरगढ़।** कोरोना का संक्रमण लगभग समाप्ति की ओर है। अब इक्का-दुक्का ही मरीज सामने आ रहे हैं। एक सप्ताह के उपरांत मंगलवार को नगर पंचायत शंकरगढ़ में एक वृद्धा कोरोना पाजिटिव पाई गई है। रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वृद्धा को इलाज के लिए एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया, इसके अलावा वृद्धा के मकान के आसपास की दुकानों को बंद करवा दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत शंकरगढ़ के रामभवन चौराहा के समीप की रहने वाली शिवपति देवी (80) की तबियत कुछ खराब चल रही है। उनकी कोरोना की जांच करवाई गई, जिसमें रिपोर्ट पाजिटिव आई। इसके उपरांत स्वास्थ्य विभाग के डाक्टर अनूप सिंह ने उन्हे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। एसडीएम बारा सुभाषचंद्र यादव ने हल्का लेखपाल गंगाप्रसाद को भेजकर कोरोना पाजिटिव का मकान सीज करवाते हुए आसपास की दुकानों को बंद करवा दिया, ताकि संक्रमण न फैलने पाए। इसके अलावा वृद्धा के परिवालों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है। दूसरी तरफ नगर पंचायत प्रशासन के मनीष केसरवानी, अखिलेश द्विवेदी ने सफाई कर्मचारी के मार्फत साफ-सफाई के साथ ही सेनिटाइजेशन करवाया। बताते चलें कि एक सप्ताह पूर्व इसी मोहल्ले में एक व्यापारी की मौत हो गई थी। उसकी भी रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव पाई गई थी।



कोरोना मरीज मिलने के बाद क्षेत्र को सेनिटाइज कराते हुए

# प्रयागराज हलचल

प्रयागराज बुधवार, 16 दिसम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### सड़क चौड़ीकरण को लेकर सौपा ज्ञापन

**करछना।** मंगलवार को स्थानीय करछना के व्यापारियो ने एसडीएम को ज्ञापन सौपते हुए करछना से गुजर रहे प्रस्तावित राष्ट्रीय मार्ग के चौडीकरण को लेकर किए गये चिन्हाकन को अनुचित बताते हुए मानक के अनुरूप किए जाने और हो रहे नुकसान का मुआवजा दिए जाने की माग की।साथ ही तहसील द्धारा राजस्व टीम गठित कर नक्से के आधार पर सडक की पैमाइश की जाए और बेघर हो रहे लोगो को आवासीय पट्टा देने की माग की जिसपर उपजिलाधिकारी ने सम्बधित विभाग से वार्ता कर समस्या का हल निकलने का प्रयास किया जाएगा और जो भी संभव होगा उसे करने की कोशिश की जाएगी। इस मौके पर हरिश्चन्द्र केसरवानी शयमाबाबू, राम किशोर गिरीश जेलर सिंह, अमित कुमार कल्लू राम चौरसिया, अशोक कुमार अभिषेक गुप्ता आदि बड़ी संख्या में व्यापार मण्डल के लोग शामिल रहे।

# राज्यपाल ने 'अतुल्य गंगा परियोजना' का ऑनलाइन शुभारम्भ किया

**नदियां पर्यावरण एवं प्राकृतिक जैव विविधता की संरक्षक होती हैं**

**गंगा को निर्मल बनाने में लोगों की जागरुता व सहभागिता जरूरी : राज्यपाल**



राजभवन से 'अतुल्य गंगा परियोजना' का आनलाइन शुभारंभ करतीं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राजभवन से 'अतुल्य गंगा परियोजना' के अन्तर्गत प्रयागराज से आज से प्रारम्भ होकर 10 अगस्त, 2021 तक चलने वाली 5100 किलोमीटर पैदल परिक्रमा का आनलाइन शुभारम्भ करते हुए कहा कि गंगा नदी हमारे देश व हमारी संस्कृति की पहचान व अमूल्य धरोहर है। जीवन दायिनी गंगा भारत की संस्कृति, आध्यात्मिक चिन्तन, जलवायु और अर्थव्यवस्था सभी पर अपनी अमिट छाप छोड़ती है। उन्होंने कहा कि गंगा के दोनों तटों पर वृक्षारोपण करती हुई गांवों और शहरों से गुजरने वाली भारत की सबसे लम्बी पदयात्रा से देश में गंगा सहित सभी नदियों के लिए व पर्यावरण संरक्षण के लिए एक नई ऊर्जा का संचार होगा। इस गंगा यात्रा से गंगा संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता व सहभागित भी बढ़ेगी।

राज्यपाल ने कहा कि गंगा एक प्राकृतिक संसाधन के रूप में देश की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। नदियां पर्यावरण और प्राकृतिक जैव विविधिता की संरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि गंगा नदी अपने आसपास के क्षेत्र में मानव समाज ओर अन्य जीवों के साथ हमारों प्रजातियों के जलीय जीव-जन्तुओं का भी पोषण करती है। राज्यपाल ने कहा कि देश, प्रदेश एवं समाज का विकास हो, मगर विकास ऐसा हो जो प्राकृतिक स्त्रोतों को कम से कम नुकसान पहुंचाए। राज्यपाल ने अपील की कि हम सभी देशवासी प्राणदायिनी गंगा के अस्तित्व पर मंडरा रहे संकट को दूर करने के लिए एकजुट होकर इसे निर्मल बनाये रखने का प्रयास करें।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने गंगा की मुंडमाल परिक्रमा के लिए सेना के पूर्व अधिकारियों, संरक्षक मण्डल के सभी सम्मानित सदस्यों एवं सहयोगी संगठनों के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर पर कर्नल मनोज केश्वर, लेफ्टिनेंट कर्नल हेम लोहुमी, सैन्य अभियन्ता गोपाल शर्मा, हीरेन भाई एवं योगेश शुक्ला आनलाइन जुड़े हुए थे।

## राज्यपाल ने 'कुम्भ अध्ययन केन्द्र' का आनलाइन उद्घाटन किया

**आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए सामाजिक शोध जरूरी**

**कुम्भ मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर : राज्यपाल**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन से गोविन्द वल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान तथा उ0प्र0 प्रयागराज मेला प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में स्थापित ह्यकुम्भ अध्ययन केन्द्रह्ण का आनलाइन उद्घाटन करते हुए कहा कि कुम्भ जैसे महत्वपूर्ण आयोजन के लिए अभी तक देश में कोई शोध केन्द्र नहीं था। यह केन्द्र कुम्भ मेले से सम्बद्ध शोध, अभिलेखीकरण एवं ज्ञान-विमर्श पर आधारित होगा। उन्होंने कहा कि संस्थान की उच्च स्तरीय फैकल्टी एवं उनका शोध अनुभव जनसामान्य को कुम्भ की परम्पराओं व विरासत को समझने की एक नई दृष्टि देगा।

राज्यपाल ने कहा कि 'कुम्भ अध्ययन केन्द्र' केन्द्र व राज्य सरकार के नीति नियोजकों के लिए एक डाटाबेस का कार्य करेगा, जो कुम्भ मेले में आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए बेहतर संयोजन होगा। उन्होंने कहा कि यह केन्द्र प्रयागराज के कुम्भ क्षेत्र और इसके आस-पास के क्षेत्र में स्थित छोटे-छोटे तीर्थों के डाक्यूमेंटेशन का कार्य भी करेगा। इससे देश और विदेश से आने वाले पर्यटक प्रयागराज के सांस्कृतिक स्वरूप को और बेहतर तरीके से जान सकेंगे।

राज्यपाल ने अपील की कि आप अपने को ज्ञान के केन्द्र के रूप में विकसित करें, ताकि कुम्भ अध्ययन केन्द्र सामाजिक एवं अध्यामिकता का केन्द्र बन सके और हम सब मिलकर भारत को शोध एवं शिक्षा के क्षेत्र में पूरी दुनिया में शीर्ष पर ले जा सकें। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए सामाजिक शोधों की बहुत जरूरत है। स्थानीय ज्ञान एवं उत्पादों पर शोध एवं भारतीय समाज में संचित जन-ज्ञानकोषों को हमें अपने शोधों से तलाशाना होगा।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि प्रयागराज प्राचीन काल से ही देश का आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केन्द्र रहा है। यहां गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों का संगम होने का साथ-साथ आस्था और तपस्या का अनूठा संगम है। उन्होंने कहा कि कुम्भ मेला पूरी दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन माना जाता है। इसका मूल स्त्रोत वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना से जुड़ा है, जो पूरे विश्व के लिये प्रेरणादायी है। राज्यपाल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रयासों से कुम्भ मेले को यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहर की सूची में शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि कुम्भ मेले को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दी है।

इस अवसर संस्थान के निदेशक प्रो0 बद्री नारायण एवं संस्थान के सभी संकायों के सदस्यगण आनलाइन जुड़े हुए थे।

# 16 और 20 दिसंबर को वर्षा के आसार

**प्रयागराज।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से मंगलवार को प्राप्त पूवार्नुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने 16 व 20 दिसंबर को वर्षा के आसार बताये हैं। वैज्ञानिकों ने कृषकों को सलाह दी है कि झुलसा रोग की रोकथाम के लिए प्रति हेक्टयर 2.0 किग्रा जिंक मैगनिज काबर्मेंट को एक हजार लीटर पानी में घोलकर 10 दिन के अन्तर पर दो बार छिड़काव करें। सल्फोसल्फ्यूरान का प्रयोग करने पर चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार व गेहूँसा, दोनों का नियंत्रण हो जाता है। गेहूँसा या गेहूँ के मामा की रोकथाम के लिए प्रति हेक्टयर 75 प्रतिशत वाली आइसोप्रोट्यूरान 1.0 किग्रा या सल्फोसल्फ्यूरान 75 डब्लू.जी. की 33 ग्राम मात्रा 500-600ली.पानी में घोलकर पहली सिंचाई के बाद, परन्तु 30 दिन के अवस्था से पूर्व छिड़काव करना चाहिए। जौ में पहली सिंचाई, बोआई के 30-35 दिन बाद कल्ले बनते समय करनी चाहिए । जौ कि सिंचाई के बाद नाइट्रोजन की शेष आदि मात्रा यानी 30 किग्रा (66 किग्रा युरिया) प्रति हेक्टयर की दर से टाप ड्रेसिंग करे। बरसीम की कटाई के बाद फिर से 20 किग्रा नाइट्रोजन (44 किग्रा यूरिया) प्रति हेक्टयर की दर से दूसरी टाप ड्रेंसिग करे और फिर उसके बाद सिंचाई कर दें। सब्जी मटर में बोआई के 25-30 दिन बाद सम्पूर्ण आवश्यक नाइट्रोजन की आधी मात्रा अर्थात 30 किग्रा नाइट्रोजन (66 किग्रा यूरिया) टाप ड्रेसिंग के रुप में देनी चाहिए।

## माघ मेला : कोर्ट के आदेश पर ही ज्योतिष्पीठ की जमीन का होगा आवंटन

**प्रयागराज।** माघ मेले के लिए ज्योतिष्पीठ की जमीन व सुविधाओं को लेकर मेला प्रशासन अपनी जगह पर अडिग है। ज्योतिष्पीठ की जमीन व सुविधा के लिए द्वारका शारदापीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती व श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती की ओर से आवेदन किया गया है। तमाम शहरी भी अपनी ओर से जमीन दोनों ही संतों को देने की मांग कर रहे हैं। इस बारे में मेलाधिकारी विवेक चतुवेर्दी का कहना है कि दोनों ही पक्षों की ओर से आवेदन पत्र आया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का एक आदेश जारी हुआ। सुप्रीम कोर्ट के आदेश को देखना होगा। आदेश जिस भी पक्ष में होगा जमीन व सुविधा उन्हें ही दी जाएगी।

# पदयात्रा के शुभारंभ अवसर पर पूर्व सैन्य अधिकारियों को दी शुभकामनाएं

**प्रयागराज।** अतुल्य गंगा के माध्यम से पूर्व सैन्य अधिकारियों के द्वारा की जाने वाली देश की पहली, सबसे लंबी और दुर्गम मुण्डमाल गंगा परिक्रमा पदयात्रा के शुभारम्भ के अवसर पर मोती लाल नेहरू इंजीनियरिंग कालेज के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में कर्नल मनोज केशवर, ले.क. हेम लोहुमी, सैन्य अभियन्ता गोपाल शर्मा, प्रयागराज की महापौर मा.अभिलाषा गुप्ता नंदी, परिक्रमा यात्रा के संरक्षक योगेश शुक्ल, प्रयागराज फाउंडेशन के अध्यक्ष शशांक शेखर पाण्डेय, मूँछों के नर्तक दुकान जी, सहित यात्रा में शामिल सैन्य अधिकारीगण क उक्त कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र नमामि गंगे जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह गरिमामयी उपस्थिति भी रही और उन्होंने सभी पूर्व सैन्य अधिकारियों को इस साहसिक कदम पर शुभकमनाएं दिया।


परिक्रमा पदयात्रा के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित महापौर व अन्य

प्रयाग के लिए गौरव की बात है कि सात माह में पूरी होने वाली 5100 कि.मी. की यह पदयात्रा प्रयाग से प्रारंभ होकर प्रयाग में ही समाप्त हो रही है महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश, मा. केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एवं मा. केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री भारत सरकार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा पदयात्रियों को अपनी शुभकामनाएं और आशिर्वाद प्रदान किया जिससे यह यात्रा निर्विघ्न रूप से संपन्न हो सके। कार्यक्रम में डॉ विभा मिश्रा, डॉ. रमा सिंह,ग्रीन इंडिया फाउंडेशन के संयोजक विजय शुक्ल, गंगा सेवा मंच के संयोजक डॉ. प्रमोद शर्मा, स्वदेशी इंडिया के दत्तात्रेय पाण्डेय, फूल चंद्र दूबे, कौशल सिंह, हरिमोहन पाण्डेय, पंकज कुमार, कालेश्वर मिश्रा, अखिलेश पाण्डेय, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सगे भाई का हत्यारा गिरफ्तार, बेटे समेत गया जेल

**प्रयागराज।** होलागढ़ इलाके में ग्राम सभा तरती में दस दिन पहले एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में पुलिस ने आरोपित सगे भाई और भतीजे को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को जेल भेज दिया गया है।

तरती गांव में दो भाइयों के बीच महज छह इंच जमीन के चक्कर में कहासुनी हो गई थी। मामला इस कदर तूल पकड़ा कि दोनों परिवार में टकराव हो गया। दस रोज पहले झगड़े के दौरान दो भाइयों में बड़े रामानंद को इस कदर लाठी से पीटा गया कि उसकी जान चली गई। कोहराम मच गया। खलबली मच गई। पुलिस ने मुकदमा लिखकर धरपकड़. शुरू की। मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक रविंद्र नाथ यादव, हेड कांस्टेबल मलखान सिंह, कांस्टेबल सर्वजीत सिंह ने छोटे भाई बृजलाल को रोशन लाल को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशान देही पर हमले में शामिल लाठी को भी पुलिस ने बरामद किया। आरोपित पिता-पुत्र को जेल भेज दिया गया है।


पुलिस की गिरफ्त में हत्या के आरोपी

उच्च अधिकारियों के आदेश पर अपराधियों की तलाश में जुटी होलागढ़ थाने की पुलिस ने जूडापुर बीहर में स्मैक विक्रेता अन्नू पांडेय को पकड़ लिया। सेरावा गांव नवाबगंज निवासी अन्नू पांडेय के कब्जे से पुलिस को २३ पुड़िया स्मैक मिली। थाने से बताया गया कि होलागढ़ थाने की टीम में उपनिरीक्षक वीरेंद्र प्रताप, रविंद्र नाथ यादव, पीआरवी ११२ के जितेंद्र यादव, हेडकांस्टेबल राम सिंह, प्रेम सागर ने मुखबिर की सटीक सूचना के आधार परघेराबंदी कर स्मैक बेचते वक्त अन्नू को गिरफ्तार किया। वैसे भी इस वक्त शहर से लेकर देहात तक स्मैक के साथ ही गांजा की जमकर बिक्री हो रही है।

## 66 लोग मिले कोरोना संक्रमित 39 हुए स्वस्थ

**प्रयागराज ।** कोरोना संक्रमण की रफ्तार में उतार-चढ़ाव लगातार बना हुआ है। 24 घंटे के अंतराल में सोमवार को 66 संक्रमित मिले हैं। 39 लोगों ने कोरोना को हराया। इनमें से 4 को अलग-अलग अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया, जबकि 35 का होम आइसोलेशन पूरा हुआ। सोमवार को एक मरीज की मौत संक्रमण के चलते हुई। फिलहाल मौत का आंकड़ा 362 पर है। स्वास्थ्य विभाग का जांच अभियान अलग-अलग क्षेत्रों में जारी रहा। 6121 लोगों का सैंपल विभाग की ओर से लिया गया। नोडल अफसर डॉ ऋषि सहाय ने जांच अभियान में सहयोग करने की अपील की है।

## डांसर से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में सामने आया पैसे का विवाद, एक आरोपित गिरफतार

**प्रयागराज।** झूंसी के एक होटल में आर्केस्ट्रा की डांसर से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस को कुछ चौंकाने वाली जानकारी भी मिली है। पता चला है कि डांसर का पैसे को लेकर भी कुछ विवाद था। गिरफ्त में आए आरोपित ने पुलिस को बताया है कि जितेंद्र मिश्रा व डांसर पहले भी एक साथ कई स्थान पर काम कर चुके हैं। उनके बीच पैसे को लेकर भी विवाद चल रहा था। हालांकि पीड़ित डांसर ने इस बारे में पुलिस को अभी तक कुछ नहीं बताया है। उसकी मेडिकल रिपोर्ट भी नहीं मिली है। ऐसे में घटनाक्रम को लेकर कई तरह की चर्चा शुरू हो गई है। इस मामले में पुलिस शिवकमल यादव उर्फ बाबूजी नामक आरोपित को गिरफ्तार किया है। वह झूंसी के छिवैंया गांव का निवासी है। जौनपुर की एक युवती नैनी में किराए का कमरा लेकर रहती है। वह आर्केस्ट्रा में डांसर है। उसका आरोप है कि शनिवार शाम उसका परिचित जितेंद्र ने काम दिलाने के बहाने झूंसी के अंदावा स्थित एक होटल में बुलाया। जब वह होटल पहुंची तो जितेंद्र उसे एक कमरे में ले गया। इसी दौरान जितेंद्र के तीन और दोस्त आ गए। फिर सभी ने खाना खाया। इसके बाद सभी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती किसी तरह होटल से बाहर निकली और फिर रविवार को झूंसी थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा कायम करते हुए पीड़ता का मेडिकल करवाया। सोमवार सुबह इंस्पेक्टर झूंसी ने अंदावा तिराहे के पास से शिवकमल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का दावा है कि अभियुक्त ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है और बाकी अभियुक्तों के नाम भी उसने बताए हैं।

# बजा चुनावी बिगुल नामांकन शुरू

**प्रयागराज।** जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर चुनावी बिगुल बज गया है। सियासी मैदान में उतरने वाले आज से अपना दाखिल करना शुरू करेंगे। इस दौरान उन्हें कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सभी जरूरी उपाय व इंतजाम करने होंगे। अगर कोई उम्मीदवार या उनके समर्थक मास्क नहीं लगाते हैं तो उन्हें नामांकन कक्ष में प्रवेश नहीं मिलेगा। नामांकन फार्म जमा करने के लिए 17 दिसंबर तक का समय है। इस दौरान अलग-अलग पदों के लिए नामांकन फार्म भरने की तैयारी शुरू हो गई हैं। हालांकि चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन भी खूब हो रहे हैं। तमाम अधिवक्ताओं की होर्डिंग, पोस्टर और बैनर कचहरी के आसपास दीवारों पर दिखाई देंगे। कुछ अधिवक्ताओं का दावा है कि टक्कर अध्यक्ष व मंत्री पद के लिए सबसे ज्यादा होगी। महिला उम्मीदवार कितनी और किस पद के लिए होंगी, इस बारे में कोई साफ तौर पर नहीं बता पा रहा है। मगर चुनावी मैदान में उतरने के लिए आतुर तमाम अधिवक्ता अपनी-अपनी जीत के दावे करते हुए उसे पूरा करने की कवायद में भी जुट गए हैं। चुनाव अधिकारी वेणी माधव पांडेय की ओर से बताया गया है कि 15 से 17 दिसंबर तक नामांकन पत्र दाखिल होंगे। 21 और 22 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी ओर 23 को नामांकन वापसी होगी।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

# भाजपा प्रदेश मंत्री के नेतृत्व में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**प्रयागराज।** भाजपा की प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी के नेतृत्व में मोहल्ला सुरक्षा समिति, गंगा विचार मंच के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया और रैली निकाली गई। गंगा नदी में जल स्तर कम होने से दशाश्वमेध घाट पर तीर्थयात्रियों को स्नान करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को सोता के जल से होकर गुजरना पड़ता है।

कुछ नाविकों की सहायता से सोता को पार कर लेते हैं। लेकिन कुछ लोगों को दिक्कत होती है । अनामिका चौधरी ने माघ मेला प्रभारी से बात कर सोते पर छोटी पुलिया बनाने का आग्रह किया। रैली निकाल कर मतदाता सूची में अपने नाम दर्ज कराने तथा सभी दुकानदारों, निवासियों से अपने आस पास साफ सफाई रखने के लिए प्रेरित किया जिससे हमारा प्रयागराज नंबर वन का रैंकिंग हासिल कर सके। लोगों को दो गज की दूरी- मास्क है जरूरी का संदेश दिया। साथ ही लोगों को जागरूक किया कि जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं। इसके अलावा स्वच्छता हेतु दारागंज मुहल्ले में जन जागरण भी चलाया गया। आस पास दुकानदारों , स्नानार्थियों एवं तटों पर घाटियाँ और नाविकों को स्वच्छता और कोरोना महामारी के प्रति जागरूक किया गया और मास्क का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में सर्वश्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विजय बहादुर, राम सूरत चौहान, राजीव श्रीवास्तव, अनिल शुक्ला, आशुतोष श्रीवास्तव, विजय केशरी,न्हो केशरी, अमन कुमार सह मीडिया प्रभारी, विजय केशरी, नेहा केशरी, अनीता तिवारी, रौनक सोनी, वंदना सोनी, गीता, रामरानी, प्रेम सोनी, रूशाली मिश्रा, मृणाली मिश्रा, मंदाकिनी मिश्रा, राकेश मिश्रा, नीलम शुक्ला, सुमन बाला, दिनेश श्रीवास्तव ध्वनि विस्तारक प्रभारी, अन्नू निषाद, राहुल मिश्रा, आकाश निषाद, प्रदीप कनौजिया, योगेश कुमार, कैप्टन सुनील निषाद आदि के साथ सुपरवाईजर डी पी पांडे, नगर निगम के कर्मचारी तथा नमामि गंगे के कर्मचारी व क्षेत्रीय लोगो ने भी भाग लिया।


गंगा घाट पर साफ-सफाई करते हुए

## संक्षेप समाचार

### 17 दिसम्बर को पेंशन दिवस

**कौशाम्बी।** वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज त्रिपाठी ने बताया है कि 17.12.2020 को पेंशन दिवस के रूप में मनाया जायेगा। उन्होने यह भी बताया है कि उक्त दिवस को जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्षों की उपस्थिति भी अनिवार्य रहेगी।

दबंग ने छोटे भाई की जमीन पर किया कब्जा चरवा कौशांबी।चरवा कोतवाली के बड़ी मौली गांव में एक युवक की जमीन पर दबंग बड़े भाई ने जबरन कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर वह उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने मंगलवार को थाने जाकर बड़े भाई के खिलाफ तहरीर दी।तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में लग गई है। बड़ी मौली गांव निवासी बृजेश कुमार पुत्र छोटेलाल ने बताया कि गांव में उसके हिस्से की जमीन खाली पड़ी है।उसके सगे बड़े भाई ने उसकी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर दबंग भाई उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने थाने जाकर आरोपी भाई के खिलाफ तहरीर दी।तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में लग गई है।

### पुलिस के एक्शन के रिएक्शन में भट्ठी छोड़ भागे अवैध दारू निमार्ता

**कौशाम्बी।** सराय अकिल पुलिस ने बीती रात फाकिराबाद के खरका मोहल्ला में अवैध शराब बनाने को लेकर छापा मारा।जिसके कारण अवैध भट्ठी संचालकों में अफरातफरी मच गई और जलती हुई भट्ठी छोड़ कर वह फरार हो गए।सराय अकिल पुलिस ने दबिश के दौरान मौके से जलती हुई भट्ठी पाया।एस आई विपलेश सिंह ने जानकारी दिया कि खरका पर अवैध दारू बनाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी,जिसपर हमारी टीम ने दबिश दिया मौके से चार भट्ठी प्राप्त हुई और लगभग डेढ़ कुंतल लहन नष्ट किया गया।फरार हो जाने के कारण किसी की गिरफ्तारी नही पाई है।

### भारत क्रांति रक्षक पार्टी ने किया बैठक

**कौशाम्बी।** सोमवार को चायल क्षेत्र के मलाक भारत सहित कई गांवों में भारत क्रांति रक्षक पार्टी की बैठक आयोजित हुई। बैठक को सम्बोधित करते पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाखन सिंह राज पासी ने कहा कि २०२२ के विधान सभा चुनाव में उन्हें चायल क्षेत्र की जनता चुनेगी। इस मौके पर उनके साथ तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मोदी सरकार ने किसानों के हित के लिए उठाये हैं कई ऐतिहासिक कदम : डा. नीलकंठ

**भाजपा के किसान सम्मेलन मे मंत्री ने गिनाई उपलब्धियां, आंदोलन को बताया विपक्ष प्रायोजित**




रामपुरखास लालगंज में भाजपा किसान सम्मेलन को संबोधित करते मंत्री डा. नीलकंठ तिवारी

**प्रतापगढ़।** नगर स्थित अवधेश विद्या निकेतन इण्टर कालेज के परिसर मे मंगलवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र मे भाजपा द्वारा आयोजित किसान सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश के पर्यटन एवं धर्मार्थ कार्य के स्वतंत्र प्रभार मंत्री डा. नीलकंठ तिवारी ने दिल्ली सीमा पर हो रहे किसान आंदोलन को विपक्ष प्रायोजित करार दिया। मंत्री डा. नीलकंठ ने किसान सम्मेलन के जरिए कांग्रेस तथा कम्युनिष्ट समेत विपक्षी दलों पर कृषि विधेयक को लेकर किसानो के बीच भ्रम फैलाने के हताश प्रयास को लेकर भी सियासी हमला बोला। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने सत्ता संभालने के बाद अब तक किसानो के हित मे कई ठोस कदम उठाए है। किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन तथा जवानो के हित मे मोदी सरकार के द्वारा लिये गये जनकल्याणकारी फैसलो से विपक्ष हताश है। उन्होने दिल्ली सीमा पर किसान आंदोलन को विपक्ष प्रायोजित ठहराते हुए कहा कि किसानो के आंदोलन मे नक्सलाइड गतिविधियो मे शामिल रहे कम्युनिष्ट पार्टी के लोग माहौल बिगाड़ रहे है। उन्होने कहा कि मंडियो मे कांग्रेस सरकार ने बिचैलिये पैदा किये थे। मोदी सरकार ने बिचैलियो को समाप्त कर किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने का काम किया है। मंत्री नीलकंठ ने कहा कि जिस तरह से नागरिकता कानून को लेकर विपक्ष ने आंदोलन शुरू कराया और कुछ ही दिनों मे जनता ने आंदोलन को नकार दिया। ऐसे ही विपक्ष को फिर किसानो को गुमराह करने मे विफलता ही हाथ लगेगी। उन्होने रामपुर खास क्षेत्र मे अगले विधानसभा चुनाव मे जीत का दावा भी किया। सांसद संगम लाल गुप्ता ने अपने संबोधन मे किसान बिलो को किसानो की आत्मनिर्भरता के लिए मोदी सरकार का सबसे बडा फैसला बताया। रानीगंज विधायक धीरज ओझा ने भी कृषि विधेयको को किसानो के फसल के लिए लाभकारी करार दिया। पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने कहा कि कृषि विधेयक के आने के बाद अब किसानो क कही भी शोषण नही होगा। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र व संचालन अशोक मिश्र ने किया। सम्मेलन को राजा अनिल प्रताप सिंह, भुवन्यू सिंह, नागेश प्रताप सिंह, शिवप्रकाश मिश्र सेनानी, सुरेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, राव वीरेन्द्र सिंह, विनोद मिश्र, पंकज मिश्र, बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, बाबा अमरनाथ शर्मा, कमलेश गिरि, पूर्व प्रमुख रमेश प्रताप सिंह आदि ने संबोधित किया। आभार प्रदर्शन लालगंज मण्डल अध्यक्ष राजकुमार बरनवाल ने किया।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते धर्मार्थ कार्य मंत्री डा. नीलकंठ तिवारी

## किसानों की फसल का समर्थन मूल्य बढ़ने से मिलेगी आत्मनिर्भरता : मंत्री

**प्रेसवार्ता मे डा. नीलकंठ ने कृषि विधेयक की उपलब्धियों पर डाला प्रकाश**

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के धर्मार्थ कार्य एवं पर्यटन राज्य मंत्री डा. नीलकंठ तिवारी ने दावा किया कि देश और प्रदेश मे मोदी तथा योगी सरकार के आने से विकास व सम्मान बढ़ा है। उन्होने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने सत्ता संभालने के बाद गेहूं तथा धान व मूंग व अरहर तथा सभी फसलो मे एकमुश्त समर्थन मूल्यों मे बढोत्तरी की। मंत्री डा. नीलकंठ तिवारी नगर स्थित अवधेश विद्या निकेतन इण्टर कालेज मे किसान सम्मेलन के बाद मीडिया से रूबरू थे। उन्होने कहा कि कृषि विधेयक मे मण्डियां भी सुरक्षित रहेगी और किसानो को फसल का उपज की कीमत भी देश के हर क्षेत्र मे अब सबसे ज्यादा मिलेगी। उन्होने कहा कि दिल्ली के किसान आंदोलन को कांग्रेस समेत विपक्षी दल पर्दे के पीछे संचालित कर रहे है। प्रेसवार्ता के दौरान धर्मार्थ कार्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश मे योगी आदित्यनाथ की सरकार आने के बाद हर क्षेत्र मे विकास मे बढोत्तरी हुई है। उन्होनें प्रदेश मे पर्यटन के क्षेत्र मे भी योगी सरकार की उपलब्धियो का बखान किया। बतौर मंत्री डा. नीलकंठ ने कहा कि प्रतापगढ़ के बेल्हा देवी तथा बाबा घुइसरनाथ धाम व बराही देवी मे पर्यटन से जुडी योजनाओ के लिए सरकार ने बजट प्रदान किया है। एक सवाल के जबाब मे मंत्री ने कहा कि प्रदेश मे कानून व्यवस्था की स्थिति पहले की सरकारो से कई गुना बेहतर है। इस मौके पर सांसद संगमलाल गुप्ता, विधायक धीरज ओझा, पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह, नागेश प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र आदि रहे।

# शिकायतों का समय से हो निस्तारण : मण्डलायुक्त

**जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं**

**सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 206 शिकायती प्रार्थना पत्र दर्ज कराये गये जिसमें 24 शिकायतों को मौके पर ही किया गया निस्तारित**



तहसील दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनते मंडलायुक्त प्रयागराज और जिलाधिकारी कौशांबी

**कौशाम्बी।** शासन की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु मण्डलायुक्त रमेश कुमार ने चायल तहसील दिवस में लोगों की जन समस्याए सुनी उन्होने मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्या के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। शिकायतों का समय से निस्तारण किया जाय। चायल तहसील दिवस में 47 शिकायतें आयी जिनमें 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारित की गयी। शेष शिकायतों को सम्बन्धित विभागों को समय से निस्तारण करने का दिया निर्देश।

जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सिराथू में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने शोसल डिस्टेसिंग का पालन करने, मास्क लगाने एवं भीड़ एकत्रित न होने देने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से हो इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होने कहा कि जन समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ त्वरित निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिन्दुओं में से एक है, उन्होने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से कर दिए जाने पर शिकायतकर्ता को बार-बार उसी शिकायत के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 159 शिकायती प्रार्थना पत्र दर्ज कराये गये जिनमे से 20 शिकायती प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिये जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि आज ही अपने विभागों से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्राप्त करते हुए उनकों निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्रार्थी राम भरोस पुत्र स्व0 गोल्ला निवासी ग्राम टाण्डा का अवैध कब्जा के सम्बन्ध में प्रार्थी से प्राप्त होने की शिकायत किये जाने पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सिराथू को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इसी तरह से प्रार्थी अब्दुल खालीक पुत्र अब्दुल रज्जाक निवासी ग्राम ननमई का निवासी है प्रार्थी शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि चकमार्ग में अवैध रूप से अतिक्रमण करके आवागमन बाधित कर रहे है। विनोद कुमार पुत्र रामदीन निवासी वार्ड नम्बर 10 नगर पंचायत अझुवा में नाप कराये जाने के सम्बन्ध में शिकायत किये जाने पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिराथू को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

तहसील दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में स्वास्थ्य विभाग, दिब्यांगजन कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा योजनाओं के संबंध में स्टॉल लगाये गये। जिसमें योजनाओं से संबंधित लाभार्थियों के द्वारा दिये गये आवेदन पत्र पर तत्काल कार्रवाई करते हुए निस्तारित करने का निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिया है।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को लाभार्थियों के आवेदन पत्रों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन, मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सिराथू राजेश कुमार श्रीवास्तव, तहसीलदार सिराथू सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।तहसील दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने तहसील परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खतौनी, डाटा फीडिंग में तेजी लाने का निर्देश दिया है तहसील परिसर में साफ-सफाई न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सफाई कराये जाने एवं फील्ड में जगी घास को भी कटवाये का निर्देश संबंधित को दिया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका भरवारी में एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगरपालिका भरवारी के पुरानी बजार निवासी शिवनरेस उर्फ बोलटू कनौजिया जो ट्रक ड्राइवर था। जिसकी बीती रात लगभग 8 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।वहीं पुलिस चौकी भरवारी प्रभारी योगेश तिवारी सूचना पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा कर छानबीन में जुटे वहीं मृतक के परिजनों का कहना है कि दो लड़के घर से बुलाकर ले गये थे कहाँ ले गये इसकी जानकारी हम लोगों को नहीं है। मृतक के बड़े लड़के अखिलेश के मुताबिक मुंह से फेन जैसा निकल रहा। इससे अशंका है कि जहरीली पदार्थ खिलाने से ही उनकी मौत हुई है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद मौत होने का कारण स्पस्ट होगा।

# प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को परीक्षा पूर्व देती है प्रशिक्षण

**कौशाम्बी।** प्रदेश सरकार प्रदेश के अनुसूचित जाति/जनजाति के ग्रामीण क्षेत्रों व मध्यम वर्गीय कम आय वाले प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रशिक्षण देकर अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवाओं व सम्मिलित राज्य सेवा परीक्षाओं के लिए तैयार करती है। अक्सर ग्रामीण तथा कम आय वाले मध्यम वर्ग के अनु0 जाति/जनजाति के परिवारों के बच्चे प्रतिभावान, मेधावी, लगनशील, परिश्रमी होते हुए भी उचित प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं पाठ्यक्रम से सम्बंधित उचित पुस्तकों की जानकारी के अभाव में आई0ए0एस0, पी0सी0एस0 परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण तैयारी नहीं कर पाते हैं। धनाभाव व परीक्षाओं के पाठ्यक्रमों की अच्छी जानकारी न होने से ऐसे प्रतिभावान छात्र/छात्राएं पीछे रह जाते हैं।

प्रदेश सरकार भारतीय प्रशासनिक सेवाओं एवं सम्मिलित राज्य सेवाओं की परीक्षाओं से सम्बंधित आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए परीक्षा पूर्व अत्यन्त उच्चकोटि के स्तर की पढ़ाई/मार्गदर्शन, प्रशिक्षण प्रदेश के 7 परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्रों पर दिलाती है। इन प्रशिक्षण केन्द्रों पर अद्यतन परिवर्तित/परिवर्धित होने वाले पाठ्यक्रमों के अनुरूप विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में प्रतिस्पर्धात्मक तैयारी के निमित्त कोचिंग केन्द्रों के माध्यम से उक्त वर्ग के अभ्यर्थियों को स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु कुशल बनाया जाता है। अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रतियोगी अभ्यर्थियों को प्रदेश के कोचिंग केन्द्रों में इस तरह से तैयार किया जाता है कि वे पूर्ण ज्ञान एवं आत्मविश्वास के साथ इन परीक्षाओं में भाग ले सकें और इन परीक्षाओं में सफल होकर इस वर्ग का उचित प्रतिनिधित्व कर सकें। इन प्रशिक्षण केन्द्रों में अभ्यर्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रहने, खाने की व्यवस्था निःशुल्क रहती है, जिसका आने वाला व्यय प्रदेश सरकार द्वारा दिया जाता है। प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वर्तमान में 7 पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र हैं। श्री छत्रपति शाहू जी महराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान भागीदारी भवन लखनऊ में स्थित है। इस केन्द्र में 300 अभ्यर्थियों के पढ़ने की क्षमता है जिसके 50 प्रतिशत पिछड़ी जाति, 45 प्रतिशत अनुसूचित जाति व 05 प्रशित जनजाति के अभ्यर्थी होते हैं। दूसरा आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र बालिका अलीगंज लखनऊ में है। इस 150 अभ्यर्थियों की क्षमता वाले केन्द्र में 50 प्रतिशत पिछड़ी जाति, 45 प्रतिशत अनुसूचित जाति व 5 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति की बालिकाएं होती हैं। तीसरा न्यायिक सेवा प्रशिक्षण केन्द्र प्रयागराज है जिसमें 50 अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रदेश में चौथा सन्त रविदास आई0ए0एस0, पी0सी0एस0 पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र वाराणसी है, जिसमें 100 अभ्यर्थियों की क्षमता है। पांचवा डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर आई0ए0एस0, पी0सी0एस0 पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र अलीगढ़ में 200 अभ्यर्थियों एवं छठा आगरा में 200 अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण केन्द्र है। प्रदेश में सातवां आई0ए0एस0, पी0सी0एस0 कोचिंग केन्द्र निजामपुर हापुड़ में है। 200 अभ्यर्थियों की क्षमता वाले इस केन्द्र में 120 पुरूष व 80 महिला अभ्यर्थी रहकर प्रशिक्षण लेते हैं। उक्त जानकारी जिला अधिकारी कौशांबी अमित कुमार सिंह ने दी है।

# विभागीय उपेक्षा के चलते सिंचाई को तरस रहे किसान

**सिंचाई के अभाव में सूख रहे किसानों की फसलें दाने-दाने को मोहताज किसान**

**कल्यानपुर कौशाम्बी।** सिंचाई विभाग नलकूप खंड की उदासीनता लापरवाही के चलते तमाम किसानों की फसलें सूख रही है जिससे किसानों के सामने दाने दाने की समस्या उत्पन्न है कई बार किसानों ने बंद नलकूप को चालू कराए जाने की मांग नलकूप विभाग के अधिकारियों से की लेकिन नलकूप विभाग के अधिकारियों के रवैए में परिवर्तन नहीं हो सका है जिससे किसान त्रस्त है।

जानकारी के मुताबिक सिराथू तहसील के ग्राम पंचायत अहिरारा में लगा सरकारी नलकूप 33 के शो पीस बन कर रह गया है। विभागीय उपेक्षा के चलते किसानों को सिंचाई के लिए सालो से नालियों में पानी नहीं जा रहा है पानी जाए भी तो कैसे जब नलकूप की टंकी व नालियां ही बेकार है हर जगह नालिया टूटी हुई है ग्रामीणों ने कई बार उच्चाधिकारियों को अवगत कराया लेकिन विभाग के कान में जू तक नहीं रेंगती।

जहां किसानों की फसले बिना पानी के ही सूख जाती है वहीं विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने योगी सरकार की किसानों के प्रति तमाम योजनाओं को फ्लाप करने से बाज नहीं आते।ग्रामीणों ने जिला अधिकारी कौशांबी का ध्यान उपरोक्त ग्राम पंचायत के नलकूप 33 के को अविलंब चालू कराने व नालियों को दुरुस्त कराने की ओर आकृष्ट कराते हुए जल्द कार्यवाही कराने की मांग की है।



बंद पड़े नलकूप का दृश्य।

# गैस लीकेज से घर में लगी आग गृहस्थी का सामान जलकर राख

**कौशांबी।** सराय अकिल थानाक्षेत्र के ऐंगवां उपरहार गांव में मंगलवार सुबह खाना बनाते समय गैस सिलेंडर के पाइप में लीक होने के कारण घर में आग लग गई। आग की लपटें देख कर जुटे ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत के बाद आग बुझाई।आग लगने से घर में रखा अनाज और कपड़े समेत लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। भुक्तभोगी ने इसकी सूचना पुलिस और राजस्व विभाग को दी है।

जानकारी के मुताबिक मंझनपुर तहसील के ऐंगवां उपरहार गांव निवासी श्रीराम पुत्र रामदास किसान है।श्रीराम के मुताबिक मंगलवार सुबह उसकी बहू ऊषा देवी रोज की भांति मंगलवार सुबह खाना बना रही थी।इसी दौरान अचानक गैस के पाइप में लीकेज होने के कारण सिलेंडर में आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने भयानक रूप ले लिया। जिससे उसका कच्चा मकान धू - धू कर जलने लगा। आग की लपटें देख कर गृहस्वामी शोर मचाने लगा । शोर सुनकर जुटे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।आग लगने से घर में रखा चार बोरी गेहूं, 10 बोरी धान, 15 किलो दाल, रजाई गद्दा और कपड़े समेत घर का लाखों रुपये का समान जल कर राख हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस व राजस्व टीम ने मौका मुआयना किया है।



गैस सिलेंडर लीकेज से आग लगने के बाद जले घर का दृश्य

### घर से भागी किशोरी प्रयागराज में बरामद

**प्रतापगढ़।** तीन दिन से लापता किशोरी प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर मिली। पुलिस ने उसे परिजनों के सुपुर्द किया है।महेशगंज थाना क्षेत्र के फतूहाबाद की 16 वर्षीय एक लड़की रविवार शाम करीब चार बजे घर से निकली थी। इसके बाद वह लापता हो गई थी। सोमवार शाम प्रयागराज रेलवे स्टेशन से किशोरी ने चाय बेचने वाली लड़की के मोबाइल फोन से अपने बारे में जानकारी दी। दरोगा नरोत्तम सिंह परिजनों के साथ प्रयागराज पहुंचे और किशोरी को अपने साथ थाने ले आए। किशोरी ने बताया कि पड़ोस की एक महिला मुंबई में रहने वाले अपने रिश्तेदार युवक से करीब एक महीने से मोबाइल फोन पर बात कराती रही। उसी के पास जाने के लिए उस महिला ने दूसरे रिश्तेदार के साथ उसे प्रयागराज स्टेशन भेजा, लेकिन रात में सो जाने से उसकी ट्रेन छूट गई। वह मुम्बई नहीं जा सकी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दृढ़संकल्प से प्राप्त होगा मिशन प्रेरणा का लक्ष्य : राजेश प्रताप

**प्रतापगढ़।** मान्धाता प्राथमिक विद्यालय उसरा पुर और दला पुर का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण एकेडमिक रिर्सोस पर्सन हिन्दी राजेश प्रताप सिंह द्वारा किया गया। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान शिक्षकों से चर्चा करते हुए श्री सिंह ने मिशन प्रेरणा कीअवधारणा को समझाते हुए कहा कि हम सबको टीम भावना के साथ काम करके अपने विद्यालय को नवंबर 2021 तक प्रेरक विद्यालय बना लेना है और इसके लिए हमें बहुत कुछ ज्यादा करने की आवश्यकता नहीं है।बस दृढ़संकल्प की आवश्यकता है। मात्र पॉच प्रतिशत की प्रतिबध्दता करने से हमारा विद्यालय प्रेरक विद्यालय हो जायेगा इस प्रकार मिशन प्रेरणा शिक्षकों के लिए वरदान हैं। मिशन प्रेरणा की सफलता से ही शिक्षकों का सम्मान और पूराना गौरव पुनः प्राप्त होगा। शिक्षकों को प्रेरणा लक्ष्य, प्रेरणा सूची, प्रेरणा सूची, प्रेरणा तालिका और तीनों माड्यूल आधारशिल, ध्यानाकर्षक, शिक्षण संग्रह पर चर्चा कर विस्तृत जानकारी दी गयी तथा टाइम एण्ड मोशन के अनुपालन के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही ई पाठशाला के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए कहा कि दूरदर्शन आकाशवाणी ,दीक्षा एप, रीड एलांग ऐप और व्हाट सप ग्रुप के साथ कोविड की स्थिती मे भी अनवरत गुणवत्ता परक शिक्षण कार्य के लिए और मिशन प्रेरणा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षकों द्वारा शिक्षण सामाग्री बनाकर अभिभावकों के माध्यम से पहुचाकर शिक्षण कार्य चलता रहे।



सहयोगात्मक पर्यवेक्षण में भाग लेते शिक्षक।